उत्तर प्रदेश शासन
नागरिक उड्डयन अनुभाग
संख्या- 09/2019/128 / छप्पन -2019-38/2008
लखनऊ : दिनांक: 30 जनवरी, 2019
कार्यालय-ज्ञाप

नागरिक उड्डयन निदेशालय, उ0प्र0, लखनऊ में पायलट (फिक्स्ड विंग) के पद पर संविदा सेवा के आधार पर कार्यरत श्री काजिम रजा, जिनकी संविदा अवधि 31 अगस्त, 2020 तक निर्धारित की गयी थी, द्वारा पत्र दिनांक 05 दिसम्बर, 2018 के माध्यम से अनुबन्ध पत्र की शर्त के अनुसार 03 माह की नोटिस देते हुये दिनांक 04 मार्च, 2019 से सेवा मुक्त किये जाने का अनुरोध किया है।

2- श्री काजिम रजा द्वारा नोटिस दिनांक 05 दिसम्बर, 2018 के माध्यम से स्वयं को सेवामुक्त किए जाने के अनुरोध पर सम्यक् विचारोपरान्त श्री राज्यपाल उनके त्याग-पत्र पर इस शर्त के अधीन स्वीकृति प्रदान करते हैं कि दिनांक 04 मार्च, 2019 के अपरान्ह से कार्यमुक्त किए जाने के पूर्व निदेशक, नागरिक उड्डयन, उ0प्र0, लखनऊ द्वारा नागरिक उड्डयन विभाग एवं श्री काजिम रजा के मध्य निष्पादित संविदा विषयक अनुबन्ध-पत्र तथा इनके द्वारा ट्रेनिंग हेतु निष्पादित बाण्ड की शर्तों/प्रतिबन्धों के अनुरूप उन पर यदि कोई देनदारी है तो उसे नियमानुसार जमा करा लिया जाएगा। साथ ही अपेक्षित अदेयता प्रमाण-पत्र निर्गत किए जाने के बाद ही उन्हें सेवामुक्त किया जाएगा ।

डॉ0 सत्य प्रकाश तिवारी
अनु सचिव।

पृ0सं0- 09/2019/128 (1)/छप्पन -2019 तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1. महालेखाकार-प्रथम (लेखा एवं हकदारी), उ0प्र0, प्रयागराज।
2. उप महालेखाकार, ई0एस0-।।।, आडिट भवन, टी0सी0-35-वी 1, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ।
3. मुख्य कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।
4. निदेशक, नागरिक उड्डयन, उ0प्र0, लखनऊ।
5. वित्त नियंत्रक, नागरिक उड्डयन, उ0प्र0, लखनऊ।
6. श्री काजिम रजा को उनके पत्र दिनांक 05.12.2018 के सन्दर्भ में।
7. वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-7
8. वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1/2/कार्मिक-1
9. गार्ड बुक।

आज्ञा से,
डॉ0 सत्य प्रकाश तिवारी
अनु सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in